pan>

Title: Introduction of the National Commission for Welfare of Farmers Bill, 2019.

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि किसानों की दशा सुधारने के लिए राष्ट्रीय किसान कल्याण आयोग का गठन करने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

HON. CHAIRPERSON: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the establishment of a National Commission for Welfare of Farmers to improve the conditions of farmers and for matters connected therewith."

The motion was adopted.

श्री श्याम सिंह यादव: सभापति महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित** करता हूं ।

HON. CHAIRPERSON: Item No. 54 - Shri Feroze Varun Gandhi - not present.

डॉ. निशिकांत दुबे जी ।

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, बिल इंट्रोड्यूज़ करने से पहले मेरा एक पॉइंट ऑफ ऑर्डर नंबर 67 है । ... (व्यवधान) कृपाल बालाजी तुमाने जी ने यह बिल इंट्रोड्यूज़ किया है । ... (व्यवधान) हमें कोई गलत काम नहीं करना चाहिए । मैं आपका संरक्षण चाहता हूँ और आपके संज्ञान में लाना चाहता

हूँ कि कम्पलसरी वोटिंग का बिल जनार्दन सीग्रीवाल जी वाला, यह हाऊस ऑलरेडी डिस्कस कर रहा है । सेम वही बिल अभी इंट्रोड्यूज़ हुआ है । यह इंट्रोड्यूज़ होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए इसके लिए … (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपने संज्ञान में ला दिया है, हम देख लेंगे । पहले अपना बिल इंट्रोड्यूज़ कीजिए ।